UPUN010040782026

**न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उन्नाव।**
**उपस्थित- अनिल कुमार वर्मा-प्रथम(एच०जे०एस०)**
**जे०ओ० कोड-UP6552**
दीवानी प्रकीर्ण वाद संख्या-77/2026
रामबरन बनाम भईयालाल आदि।

**06.05.2026:-**

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर आवेदकगण की ओर से विद्वान अधिवक्ता उपस्थित हैं।

आवेदकगण के विद्वान अधिवक्ता को 3 क स्थानान्तरण प्रार्थनापत्र पर सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

आवेदक की ओर से 3 क स्थानान्तरण प्रार्थनापत्र मय शपथपत्र 4 ग अन्तर्गत धारा-24 सिविल प्रक्रिया संहिता इस आशय से दिया गया है कि प्रार्थी का दीवानी वाद सं०-655/2022 रामबरन बनाम भईयालाल, ग्राम न्यायालय, हसनगंज, के न्यायालय में विचाराधीन है। प्रार्थी लखनऊ में निवास करता है। हसनगंज का मार्ग सुलभ न होने के कारण वह न्यायालय पहुँचने में विलम्बित हो जाता है। अतः उक्त वाद को मुख्यालय के किसी सक्षम न्यायालय में अंतरित किये जाने की याचना की है।

सम्बन्धित न्यायालय से प्राप्त आख्यानुसार उपरोक्त वाद का सम्बन्धित न्यायालयों में विचाराधीन होने का कथन किया गया है।

मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थनापत्र 3 क स्वीकार किए जाने का आधार पर्याप्त है।

**आदेश**

ग्राम न्यायालय, हसनगंज, के न्यायालय में विचाराधीन दीवानी वाद सं० 655/2022 रामबरन बनाम भईयालाल, को विधिनुसार निस्तारण हेतु न्यायालय सिविल जज (जू०डी०), उत्तरी, उन्नाव के न्यायालय में स्थानान्तरित किया जाता है। तद्नुसार प्रार्थना पत्र 3 क निस्तारित किया जाता है।

**(अनिल कुमार वर्मा-प्रथम)**
**जिला जज, उन्नाव।**

Digitally signed by ANIL KUMAR VERMA
Date: 2026.07.24 14:18:10 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court